
दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष



Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732
वर्ष: 01 | अंक: 252 | जयपुर | 27 अप्रैल 2023 | गुरुवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04

### पट्टे के लिए 10 हजार की रिश्वत, तीन हिरासत में




अजमेर. नगर निगम में पट्टे के बदले रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। परिवादी से नगर निगम कार्मिक ने दस हजार रुपए की रिश्वत मांगी। रिश्वत की राशि डिमांड करने वाले के बजाय किसी ओर को दे दी। उसने भी यह राशि किसी अन्य प्राइवेट व्यक्ति को थमा दी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने तीनों को हिरासत में लिया है। फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं की गई। एसीबी जांच में जुटी है। अजमेर एसीबी के उप महानिरीक्षक समीर कुमार सिंह ने बताया अजयसिंह रावत ने एसीबी को शिकायत दी कि उससे पट्?टे की ऐवज में दस हजार रुपए की राशि मांगी जा रही है। इस पर एसीबी ने शिकायत का सत्यापन कराया और मंगलवार को टीम भेजी। लेकिन जो कार्मिक पैसे की डिमांड कर रहा था, वह कैम्प ड्यूटी में चला गया। ऐसे में कार्रवाई नहीं हो सकी। गुरुवार को फिर से टीम भेजी और शिकायतकर्ता ने पैसे की डिमांड करने वाले कार्मिक के बजाय अन्य कार्मिक अशोक कुमार को राशि दे दी। अशोक कुमार ने यह राशि किसी प्राइवेट आदमी को थमा दी। ऐसे में मामला डाउटफुल हो गया और जांच की जा रही है। जिस ड्राफ्ट मेन ऋषि माथुर के नाम से पैसे की डिमांड की जा रही थी। उससे और पैसे लेने वाले कार्मिक अशोक कुमार व प्राइवेट आदमी से एसीबी जांच कर रही है। फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### लंदन में बनेगा पहला जगन्नाथ मंदिर

-ओडिया मूल के बिजनेसमैन बिस्वनाथ पटनायक ने 254 करोड़ रुपए दान किए

लंदन. ब्रिटेन की राजधानी लंदन में देश का पहला जगन्नाथ मंदिर बनने जा रहा है। इसके लिए ओडिया मूल के बिजनेसमैन बिस्वनाथ पटनायक ने 254 करोड़ रुपए दान किए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि मंदिर निर्माण का पहला चरण अगले साल के खत्म होने तक पूरा हो जाएगा। मंदिर का निर्माण चैरिटी कमीशन इन इंग्लैंड में रजिस्टर्ड श्री जगन्नाथ सोसाइटी करवा रही है। फिननेस्ट ग्रुप के फाउंडर पटनायक और कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण कार इस मंदिर निर्माण के लिए



दान करने वाले मुख्य लोगों में शामिल हैं। कार ने बताया कि पटनायक की तरफ से 254 करोड़ रुपए फिननेस्ट ग्रुप की कंपनियां देंगी। ग्रुप ने मंदिर निर्माण के लिए 15 एकड़ जमीन खरीदने के लिए 71 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है। लंदन में अक्षय तृतीया के मौके पर पहले श्री जगन्नाथ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय हाईकमीशन के डिप्टी कमिश्नर सुजीत घोष और भारत के मंत्री (संस्कृति) अमीश त्रिपाठी मौजूद रहे। इनके अलावा पुरी के महाराज गजपति दिब्यसिंह देब, महारानी लीलाबती पट्टामहादेई के साथ शामिल हुए। इसी सम्मेलन में पटनायक ने मंदिर के लिए 254 करोड़ रुपए दान करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा मंदिर के सपने को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए सभी श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ में विश्वास रखते हुए मिलकर काम करना होगा। चैरिटी कमीशन इन इंग्लैंड के मुताबिक, मंदिर के लिए जमीन की पहचान कर ली गई है और वह खरीद के अंतिम चरण में है। मंदिर के निर्माण की इजाजत के लिए लोकल गवर्नमेंट को एक प्री-प्लानिंग एप्लिकेशन भी जमा कर दी गई है। भगवान जगन्नाथ के पहले और सबसे महत्वपूर्ण सेवक (आद्य सेवक) और पुरुषोत्तम क्षेत्र में श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष के तौर पर गजपति महाराज ने मंदिर परियोजना के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा- भगवान जगन्नाथ की परंपरा का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है कि सभी धार्मिक संप्रदायों के लोग अपने-अपने तरीके से उनकी पूजा करते हैं।

# छत्तीसगढ़ में नक्सली हमला, 10 पुलिसकर्मी शहीद

## जवान हार्डकोर नक्सली कमांडर और 7 लाख के इनामी जगदीश की सूचना पर निकले थे

दंतेवाड़ा. छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार को नक्सली हमले में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गए। ये जवान डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड यूनिट के थे। इनके अलावा इनकी गाड़ी के ड्राइवर की भी हमले में मौत हुई है। इनकी टीम बारिश में फंसे सुरक्षाबलों को रेस्क्यू करने जा रही थी। इसी दौरान नक्सलियों ने आइ.ई.डी ब्लास्ट में पुलिसकर्मियों का वाहन उड़ा दिया। 50 किलो विस्फोटक से ब्लास्ट किया गया। हमला दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में अरनपुर-समेली के बीच हुआ। जवान मंगलवार रात हार्डकोर नक्सली कमांडर और 7 लाख के इनामी जगदीश की सूचना पर निकले थे। बुधवार सुबह करीब 7 बजे यहां पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसी दौरान लौट रहे जवानों



के वाहन को धमाके से उड़ा दिया। आई.जी सुंदरराज पी ने कहा मौके पर सीनियर ऑफिसर्स भेजे गए हैं। इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। नक्सली हमले में शहीद होने वालों में प्रधान आरक्षक जोगा सोढ़ी, मुन्ना राम कड़ती, संतोष तामो, नव आरक्षक दुल्गो मण्डावी, लखमू मरकाम, नव आरक्षक जोगा कवासी, नव आरक्षक हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, जयराम पोड़ियाम जगदीश कवासी और गाड़ी के ड्राइवर धनीराम यादव शामिल हैं। बस्तर में नक्सलियों का टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेन चल रहा है। नक्सली इस दौरान अक्सर कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देते हैं। टीसीओसी को देखते हुए फोर्स भी अलर्ट मोड पर है। बस्तर के सभी जिलों में जवानों को सर्चिंग के लिए भेजा जा रहा है। 5 दिन पहले सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का कैंप ध्वस्त कर दिया था। भारी मात्रा में विस्फोटक समेत नक्सलियों के दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया था। बताया जा रहा है कि इस कैंप में करीब 25 से 30 की संख्या में नक्सली मौजूद थे। जवानों के आने की खबर मिलते ही सभी नक्सली भाग गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हम हमले में शहीद हुए बहादुर जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

# नींबू और दूध में यही फर्क, राजे के समय की योजनाओं को हमने बंद नहीं किया

## गहलोत ने वसुंधरा राजे के दूध और नींबू में अंतर वाले बयान पर पलटवार किया

बीकानेर. राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा बीजेपी ने आते ही रिफाइनरी सहित हमारी योजनाओं को बंद कर दिया। नींबू और दूध में यही फर्क है। वसुंधरा राजे के समय की योजनाओं को हमने बंद नहीं किया। हमने तो उनकी ईआरसीपी सहित सारी योजनाओं को चालू रखा है। वसुंधरा राजे ने बीकानेर संभाग के सूरतगढ़ में ही बोला था कि नींबू और दूध मिल नहीं सकते तो आप दोनों में फर्क देख सकते हैं।

बीकानेर के नोखा विधानसभा क्षेत्र के जसरासर गांव में बुधवार को किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी ने इस किसान सम्मेलन के बहाने शक्ति प्रदर्शन किया। इसी कार्यक्रम में दोपहर करीब तीन बजे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी पहुंचे थे। सम्मेलन के बाद गहलोत ने मीडिया से बात करते हुए वसुंधरा राजे के दूध और नींबू में अंतर वाले बयान पर पलटवार किया। इससे पहले सम्मेलन में अशोक गहलोत ने कहा- मैंने सभी विधायक और मंत्रियों से कहा है कि तुम मांगते-मांगते थक जाओगे, मैं देते-देते नहीं थकूंगा। मुझे पता नहीं था कि ये विधायक जिले मांग लेंगे। तब भी मुझे इनके वादे पूरे करने पड़े। 19 जिले राजस्थान की जनता को दे दिए, क्योंकि मैंने कहा था देते हुए थकूंगा नहीं। सीएम अशोक गहलोत ने कहा बीजेपी की मंशा बहुत खतरनाक है। देश समय पर नहीं समझा तो आने वाली पीढ़ियां भुगतेंगी। यहां रूस, चीन की तरह चुनाव होंगे, लेकिन नकली चुनाव होंगे। एक पार्टी होगी। वो ही आपस में चुनाव लड़कर नाटक करेगी। सत्ता में बार-बार आएगी। आज हम सांसद और विधायक बनने गरीब के घर में जाते हैं। किसान के घर जाते हैं। बुजुर्ग लोगों के पैरों के हाथ लगाते हैं। यह सब खत्म हो जाएंगे। आम आदमी का सम्मान लोकतंत्र की वजह से है। इससे पहले



सीएम ने यहां महंगाई राहत कैंप का भी दौरा किया। राहत कैंप में सीएम ने फुसी देवी नाम की एक महिला से सरकारी योजनाओं को लेकर बात की। महिला ने मुख्यमंत्री से कहा- आप जो दे रहे हैं, वो जोरदार है। आप तो गांवों में महिलाओं के सिर से ये घूंघट हटवाओ। इस पर गहलोत ने समर्थन किया। कहा- ये बंधन है, इससे मुक्ति मिलनी चाहिए।

इससे पहले जसरासर में सभा को राजस्थान प्रदेश प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा- बहुत से चीफ मिनिस्टर कंजूस होते हैं। गहलोत कहते हैं जितने ले जाने हैं, मुझसे ले जाओ। ऐसा सीएम कहीं नहीं देखा। ऊर्जा मंत्री बीडी कल्ला ने कहा- एक करोड़ लोगों को 100 यूनिट बिजली का लाभ मिलेगा। अब तक शिक्षा विभाग 90 हजार को रोजगार दे चुका है। इसी साल 1 लाख युवाओं को और रोजगार दिया जाएगा। राज्य खेल क्रीड़ा परिषद (राजस्थान स्पोट्?र्स काउंसिल) की चेयरमैन कृष्णा पूनिया ने कहा- खेल के क्षेत्र में गहलोत सरकार ने सर्वाधिक काम किया। मेडल जीतने पर पुलिस में भी नौकरी मिली। पिछले दिनों रामेश्वर डूडी घोषणा कर चुके हैं कि वो नोखा से ही विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। ऐसे में शक्ति प्रदर्शन को चुनावी शंखनाद माना जा रहा है। पिछले चुनाव में डूडी नोखा से ही भाजपा के बिहारीलाल बिश्नोई से चुनाव हार गए थे। अगर डूडी चुनाव जीत जाते तो बड़े राजनीतिक पद के हकदार होते। डूडी समर्थकों का दावा है कि जसरासर में अब तक की सबसे बड़ी भीड़ पहुंची है। यहां सिर्फ नोखा या बीकानेर नहीं बल्कि प्रदेशभर से किसानों को आमंत्रित किया गया। आने-जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई। करीब 900 फीट में टेंट लगाया गया। गर्मी से बचने के लिए पंखों व कूलर तक की व्यवस्था की गई। वीआईपी मेहमानों के लिए एसी तक लगाए गए हैं। गहलोत सीकर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद हेलिकॉप्टर से जसरासर पहुंचे। महंगाई राहत कैंप में भी लोगों से मिले। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा और प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द डोटासरा भी रहे। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भुपेंद्र सिंह हुड्?डा भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गहलोत सम्मेलन में करीब 2 घंटे रहे। वो शाम करीब पांच बजे यहां से निकल गए थे।

## - नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और रेरा दिल्ली चेयरमैन ने राजस्थान आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को गुरुग्राम में किया सम्मानित

# राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को मिला रियल एस्टेट का राष्ट्रीय अवार्ड

जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक रहा। केंद्र सरकार की एजेंसी नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (ठअफएऊड) ने मंडल के खाते में 15वां पुरस्कार डाला। एक राष्ट्रीय स्तर के समारोह में काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन बंदेलकर और रेरा दिल्ली के चेयरमैन और वरिष्ठ आईएएस श्री आनंद कुमार ने राजस्थान आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा सम्मान से नवाजा।

राजस्थान आवासन मंडल को देश में सर्वाधिक हाउसिंग प्रोजेक्टस रेरा में रजिस्टर्ड करने, सर्वाधिक आवास विक्रय करने और रियल एस्टेट के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए इस महत्वपूर्ण सम्मान से नवाजा गया। मंडल को यह पुरस्कार केंद्रीय आवासन मंत्री श्री हरदीप पुरी द्वारा दिया जाना था, लेकिन प्रधानमंत्री की समीक्षा बैठक के चलते वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

इससे पहले समारोह में 'रियल एस्टेट इन द एरा ऑफ रेरा' विषय के पैनल डिस्कशन के लिए आवासन आयुक्त को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। इसी मंच पर आवासन आयुक्त को सम्मानित भी किया गया।

रेरा दिल्ली चेयरमैन आनंद कुमार ने कहा कि रेरा रजिस्ट्रेशन से ना केवल ग्राहकों के मन में विश्वास में बढ़ोतरी होती है बल्कि कई शंकाओं का भी समाधान हो जाता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान




आवासन मंडल द्वारा देशभर में सर्वाधिक प्रोजेक्ट्स को रेरा में रजिस्टर्ड कराना बडी उपलब्धि है।आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने इस मौके पर कहा कि आवासों में रेरा रजिस्ट्रेशन आईएसआई मार्का की तरह काम करता है। उन्होंने कहा कि रेरा आमजन और खरीददार में डवलपर और बिल्डर के प्रति भरोसा बढ़ाता है और तय समयावधि में बेहतरीन गुणवत्ता के साथ आवास उपलब्ध कराने की सुनिश्चितता लाता है।

अरोड़ा ने कहा कि 101 प्रोजेक्ट रेरा नंबर रजिस्टर्ड करवाने वाली सबसे बड़ी संस्था राजस्थान आवासन मंडल बन गया है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर सरकारी एजेंसियां रेरा रजिस्ट्रेशन से बचती हैं लेकिन मंडल ने ग्राहकों के विश्वास की खातिर सभी प्रोजेक्ट को रेरा में रजिस्टर्ड करवाया है।

गौरतलब है कि आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में मण्डल को कुल 15 अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस, स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई.बी.सी और ह्यस्टार ऑफ गवर्नेंस-गोल्ड अवार्डह्य जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं।

# लोगों तक हेल्थकेयर पहुंचाना हमारा लक्ष्य:नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित हो रहे 'वन अर्थ, वन हेल्थ' समिट का वर्चुअली उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर के लोगों तक हेल्थकेयर को पहुंचाना और इसे अफॉर्डेबल बनाना है। कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य



मंत्री मनसुख मंडाविया, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग भी शामिल हुए। पीएम ने आगे कहा मेड इन इंडिया कोविड वैक्सीन और दवाओं के जरिए लोगों की जिंदगी बचाने के मिशन में भारत ने कई देशों की मदद की है। भारत ने कोविड महामारी के दौरान 30 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन डोज 100 से ज्यादा देशों में पहुंचाई हैं। यह हमारी क्षमता और प्रतिबद्धता को दिखाता है। हमारा लक्ष्य सभी का अच्छा स्वास्थ्य और शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक कल्याण है। प्राचीन भारत ने आधुनिक दुनिया को योगा और मेडिटेशन का उपहार दिया है। ये आज ग्लोबल मूवमेंट्स बन चुके हैं। जो देश अपने नागरिकों का अच्छा स्वास्थ्य चाहते हैं, हम उनके भरोसेमंद साथी बने रहेंगे। भारत में असमानता को कम करना और वंचितों तक मदद पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। देश-विदेश में हमारे डॉक्टर अपनी क्षमता और प्रतिबद्धता के लिए सम्मान पाते हैं। ऐसे कई हेल्थकेयर सिस्टम हैं जो भारतीय डॉक्टरों के टैलेंट से लाभ ले रहे हैं। मनसुख मंडाविया ने कहा कि ज्यादा पावर के साथ बड़ी जिम्मेदारियां भी आती हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि ऐसा भविष्य बनाएं, जिसमें हेल्थकेयर बिजनेस नहीं बल्कि सर्विस हो। उन्होंने कहा भारत कई विकासशील देशों की अस्पताल बनाने में मदद कर रहा है। जिससे वे अपने यहां मरीजों का इलाज कर सकें और गंभीर मरीजों को भारत भेज सकें। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों के ऐसे कई मरीज हैं, जिन्हें भारत की मॉडर्न और पारंपरिक चिकित्सा का लाभ मिला है। दो दिन के इस इवेंट की थीम ह्यमेडिकल ट्रैवल और हेल्थकेयर एक्सपोर्टह्न है। इसका उद्देश्य इंटरनेशनल मेडिकल टूरिज्म हब के तौर पर भारत को पहचान दिलाना भी है। 26 से 27 अप्रैल तक होने वाली समिट एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया का छठवां सीजन है। स्वास्थ्य सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि भारत मेडिकल सुविधाएं और वेलफेयर सर्विसेज के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है।

## सम्पादकीय

# यूपी निकाय चुनाव में भाजपा नेताओं ने कई जगह 'जेबी' लोगों को टिकट देकर कार्यकर्ताओं का हक मार दिया

'भाजपा' के शीर्ष नेतृत्व की नगर निकाय के चुनावों के टिकट वितरण में हस्तक्षेप ना करने की लाख चेतावनियों के बावजूद भी जिस तरह से नेताओं ने खुलेआम अपने अपने लोगों की पैरवी करने का कार्य किया है, उससे टिकट वितरण में पार्टी के कार्यकर्ताओं का हक बड़े पैमाने पर मारा गया है।भारत के राजनीतिक गलियारों में 'भारतीय जनता पार्टी' की देश के आम मतदाता के बीच एक विशेष पहचान बनी हुई है, वह अपने अनुशासन, आदर्श, सरलता व सभ्यता के लिए पहचानी जाती है। हालांकि देश में मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग भी 'भाजपा' को एक तरफ तो सनातन धर्म व संस्कृति और हिन्दुत्व विचारधारा के कट्टर समर्थक के तौर पर देखना चाहता है, वहीं दूसरी तरफ वह उसे राजनीति में ईमानदारी, शुचिता व सभ्यता के सिद्धांतों पर चलने वाली एक कैडर आधारित पार्टी भी मानता है। वैसे धरातल पर देखा जाए तो इसके चलते ही देश में लंबे समय से सार्वजनिक मंचों से 'भारतीय जनता पार्टी' का शीर्ष नेतृत्व ताल ठोंक कर के 'भाजपा' की इस विशेषता को बता कर के देश के मतदाताओं को अपने पक्ष में लुभाने का कार्य भी निरंतर करता रहता है। वैसे भी बड़ी संख्या में देश के आम जनमानस का भी यह मानना है कि 'भाजपा' अपनी इस विशेष पहचान व राजनीतिक शुचिता के अपने सिद्धांतों पर चलते हुए ही आज देश की अन्य पार्टियों के जनाधार के बीच भी तेजी के साथ मजबूत पैठ बनाने का कार्य करती जा रही है, जो भाजपा के लिए एक अच्छा संकेत है। लेकिन हाल ही में चल रहे उत्तर प्रदेश नगर निकाय के चुनावों में टिकट वितरण के बाद जिस तरह से घमासान हुआ वह पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को चिंतित कर देना वाला है। 'भाजपा' के शीर्ष नेतृत्व की नगर निकाय के चुनावों के टिकट वितरण में हस्तक्षेप ना करने की लाख चेतावनियों के बावजूद भी जिस तरह से नेताओं ने खुलेआम अपने लोगों की पैरवी करने का कार्य किया है, उससे टिकट वितरण में पार्टी के कार्यकर्ताओं का हक बड़े पैमाने पर मारा गया है। प्रदेश स्तरीय नेताओं ने कार्यकर्ताओं की जगह अपने जेबी लोगों को टिकट दिलवाने के चक्कर में जिस तरह से 'साम दाम दण्ड भेद' की नीति को अपनाकर के पार्टी का अहित करने का कार्य किया है, उससे स्थिति को धरातल पर खराब करने का कार्य किया है। चंद राजनेताओं के द्वारा कार्यकर्ताओं की जगह केवल अपने-अपने समर्थकों को टिकट दिलवाने की इस अंधाधुंध होड़ में ही जगह-जगह टिकट वितरण पर नाम घोषित होने के बाद जमकर हंगामा बरपा है। नगर निकाय के टिकट वितरण विवाद के इस घमासान पर नजर डालें, तो उससे धरातल पर आम जनमानस की 'भाजपा' के संदर्भ में बनाई गई सकारात्मक छवि की धारणा को जबरदस्त नुकसान पहुंचाने का कार्य पार्टी के ही चंद राजनेताओं के द्वारा अपने-अपने क्षणिक स्वार्थ को पूरा करने के लिए किया गया है। वहीं इन नेताओं की हरकतों ने पार्टी के आम कार्यकर्ताओं का हक मारकर उनको निराश करने का कार्य किया है। टिकट वितरण के बाद उत्पन्न आक्रोश और नारेबाजी बंद कमरों और पार्टी कार्यालय तक तो ठीक थी, लेकिन आक्रोश को कुचलने के लिए जिस तरह से मीडिया के सामने व पार्टी के दिग्गज राजनेताओं के सामने ही चंद राजनेताओं के इशारों पर उनके गुर्गों ने कार्यकर्ताओं के साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की व मारपीट करने की घटनाओं को घटित करने का दुस्साहस किया है, यह स्थिति पार्टी के लिए आज के समय के साथ-साथ भविष्य के लिहाज से भी बेहद नुकसानदायक है और आम जनमानस के बीच पार्टी की छवि को नकारात्मक रूप से प्रदर्शित करने का कार्य बखूबी कर रही है, जो कि पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के हित में बिल्कुल भी उचित नहीं है। वहीं साथ ही इन लोगों की हरकत 'भाजपा' को सबसे अलग व अनुशासित पार्टी बताने के दावे पर भी प्रश्नचिन्ह लगाने का कार्य कर रही है। इन चंद राजनेताओं को समय रहते समझना चाहिए कि राजनीति में हमारे आपस में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन यह कभी भी मनभेद में तब्दील नहीं होने चाहिए, क्योंकि आपस में मनभेद होना पार्टी व व्यक्ति दोनों के हित में ही उचित नहीं है। जिस तरह से यूपी नगर निकाय के दूसरे चरण के चुनावों के नामांकन के अंतिम दिन गाजियाबाद में आपस में मार-पिटाई हुई है, वह 'भाजपा' के लिए उचित नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम पर नजर डालें तो जब शीर्ष नेतृत्व के द्वारा खोड़ा नगर पालिका परिषद के सभासद पद हेतु घोषित उम्मीदवारों को पार्टी का सिंबल देने में ना-नुकुर की गयी, तो इस विवाद के समाधान के लिए देश के पूर्व सेनाध्यक्ष, केन्द्रीय राज्यमंत्री व गाजियाबाद के सांसद जनरल डॉक्टर वी.के. सिंह की बेटी भाजपा के चुनाव कार्यालय पर पहुंची, जहां पर राजनीतिक विरोध में अंधे हो चुके चंद राजनेताओं व उनके गुर्गों ने एक महिला के सामने कैसे बात की जाती है, इस गरिमा तक का जरा भी ध्यान ना रखते हुए जमकर के मार-पिटाई-गलौज करने का कार्य किया, हालांकि बाद में टकराव वाली यह स्थिति मार-पिटाई की शर्मनाक घटना में बदल गई। लेकिन विचारणीय तथ्य यह है कि देश के एक बेहद सम्मानित परिवार की बेटी के सामने ऐसी स्थिति उत्पन्न कर देना बेहद शर्मनाक आपराधिक कृत्य है, वहीं इस स्थिति पर वहां पर उपस्थित अन्य राजनेताओं का तमाशबीन बन करके खड़े रहना बिलकुल ही समझ से परे है।

## अब मुर्गा बांग नहीं देता तो भी सुबह होती है..!

जमाना बदल रहा है तो चीजें बदल रही हैं...देश बदल रहा है...दुनिया बदल रही है....इतिहास बदल रहा है...एनसीईआरटी किताब बदल रहा है....कल तक सफेद पन्नों के स्याही में शुमार मुगल बदल रहे हैं....नई पीढ़ी के लिए वर्तमान बदल रहा है...सब जगह बदलाव की बयार है तो पुरानी कहावतों-मुहावरों में बदलाव पर भी ध्यान देने की जरूरत है....कई कहावतें तो ऐसी हैं जो भाव के नजरिए से भले ही उचित ठहरा दी जाएं लेकिन बोलने-सुनने पर कतई गले नहीं उतरतीं...नई पीढ़ी के तो बिल्कुल नहीं उतरती....वजह साफ है, ना तो उनकी रूचि है और ना ही वे अतीत पर गौर करना चाहते हैं तो बानगी देखिए, 'मुर्गा बांग नहीं देगा तो क्या सुबह नहीं होगी...' अब बताईए, मुर्गे की बांग पर कौन दिन निकलने का इंतजार करता है....वैसे भी विस्तार लेते शहरों से मुर्गे कोसों दूर हो गए हैं....कसाई की दुकान पर मुर्गा भले ही नजर आ जाए लेकिन सुबह-सवेरे बांग के समय मुर्गा कहीं नजर नहीं आता....अगर मुर्गे की बांग पर ही दिन निकलने का इंतजार करेंगे तो..शाम हो जाएगी लेकिन मुर्गा बांग नहीं देगा....बड़ी-बड़ी अट्टालिकाएं खड़ी हो जाने से खुद मुर्गे को नहीं दिखता कि सूरज निकल आया है....निकल रहा है तो मुर्गा बांग कैसे देगा? हां, अगर इसे बदल कर....जैसे की मुगलों को बदला....ठीक उसी तर्ज पर बदल कर मुर्गे की जगह कुत्तों को शामिल कर दिया जाए तो 'संस्कृति' भी बच जाएगी....वैसे भी रातभर कुत्ते भोंकते रहते हैं....कोई एक कुत्ते के भोंकने पर नींद टूट जाए और दिन निकल आए तो मान लेना कि कुत्ते के भोंकने पर सुबह होगी....अन्यथा तो तकनीक का जमाना है...लोग मोबाईल में घड़ी देखते हैं....सुबह उठने के लिए अलार्म लगाते हैं....कोई मुर्गे की बांग का इंतजार नहीं करता....। एक और कहावत देखें, 'नाच ना जानें, आंगन टेड़ा' भाव आज भी कारगर हो सकता है लेकिन यह भी कहावत पुरानी पड़ गई लगती है....पुराने जमाने में नई बहू के आने पर घर में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ करते थे.... आयोजन में नई बहू से नाचने का आग्रह किया जाता था..... बहू भी जानती थी कि नाचना पड़ेगा..तो वह घर से ही तैयारी करके आती थी....खूब नाचती थी.....मंशा बिल्कुल साफ थी....संस्कार के पीछे उद्देश्य यही होता था कि वह नए घर में लोगों से घुलमिल जाए....तो नाच-गाना परंपराओं में डाल दिया गया था.... अब जमाना बदल गया है....लिव इन रिलेशन का जमाना है....आने वाली पहले से ही सबकुछ जानती हुई आती है.....शर्म-हया के दायरे से बाहर इस आयोजन का मतलब नहीं रह जाता...इस पर कमाल यह कि लोगों ने आंगन बनाना ही छोड़ दिया है....तो आंगन टेढ़ा हो ना हो....नई नवेली...अब नाचने नहीं....नचाने आती है....यही वजह है कि 'सौ दिन सास के...' सरीखी फिल्में नहीं बनतीं....इस पर बात नहीं होती अन्यथा तो कहा जाता था कि सास उसे



कहते हैं जो 'सांस' लेना मुश्किल कर दे...तमाम अलामातों के मद्देनजर 'नाच ना जानें, आंगन टेड़ा' पर भी गौर करने की जरूरत है....अब देखें, 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस..' सुनने पर मजाक जैसा लगता है....नौ दिन में तो आदमी चांद पर पहुंच जाता है....शहर से शहर भी जाना हो तो नौ दिन नहीं लगते....हमारे प्रधानमंत्री रोज 'वंदे मातरम' चला रहे हैं...जेब में टका हो तो शान से बैठकर जाईए....हां विकास योजनाओं के नजरिए जरूरत कहावत चरितार्थ होती नजर आती है लेकिन आजकल भाव देखता कौन है.... सतही तौर पर जो नजर आता है.....हम तो उसे ही सच मान लेते हैं.....और देखिए, 'पौथी पढ़-पढ़ जग मुआ...पंडित भया न कोय..ढाई अक्षर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय...' संदेश बड़ा है लेकिन इसे भी अपने-अपने ढंग से परिभाषित किया गया.....इस्तेमाल किया गया.... मसलन, ढाई अक्षर ब्रह्मा....सृष्टि...विष्णु...लक्ष्मी....कृष्ण....दुर्गा...शक्ति...श्रद्धा...भक्ति....त्याग...ध्यान...हुआ तो धर्म-कर्म...भाग्य और ध्यान भी ढाई अक्षर का ही हुआ...श्वांस....जन्म...मृत्यु....अस्थि...अर्थी भी ढाई अक्षर के हुए...प्यार और युद्ध भी ढाई अक्षर के हुए.... प्रेम और घृणा भी ढाई अक्षर से निकले....और भी बहुत कुछ लेकिन हमने प्रेम छोड़ घृणा को पकड़ लिया...प्यार छोड़ युद्ध को पकड़ लिया....पकड़ ही क्या लिया राजनेताओं ने तो इसे हथियार बना लिया....इन्होंने धर्म की आड़ ली....कर्म को किनारा किया और लोगों को घृणा के रास्ते पर धकेल दिया....अब तक जिन्हें ढाई अक्षर मतलब प्रेम नजर आता....उसमें भी इन्होंने 'लवजिहाद' ढूंढ लिया....यह जानते हुए भी कि जन्म और मृत्यु में भी ढाई अक्षर ही आता है.....जज्बातों से खेलना नहीं छोड़ा....जिसने भी यह कहावत गढ़ी...'पौथी पढ़-पढ़ जग मुआ...पंडित भया न कोय..ढाई अक्षर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय...' उसके पीछे उद्देश्य साफ था....वे ढाई अक्षर की गणना कर यह बताने की कोशिश कर रहे थे कि विष्णु...लक्ष्मी....कृष्ण....दुर्गा...शक्ति...श्रद्धा...भक्ति....त्याग...ध्यान...धर्म-कर्म सब इसमें समाहित हैं.....शातिर जमात ने अपने मतलब के शब्द निकाले और भोली अवाम के बीच फेंक दिए....अब लोग ढाई अक्षर प्रेम नहीं पढ़ते....ढाई अक्षर का मतलब घृणा निकालते हैं....तो जरूरत है इस कहावत में बिना संशोधन के सही अर्थ समझाने की....वैसे कहावतें और भी हैं...सैंकड़ों कहावतें हैं....चलते-चलते कबीर का दोहा याद आ गया, 'बड़ा भया तो क्या भया, जैसे पेड़ खजूर...' अर्थात कबीर कहते हैं कि खजूर का पेड़ बेशक बहुत बड़ा होता है लेकिन ना तो वो किसी को छाया देता है और फल भी बहुत दूर ऊँचाई पे लगता है। अगर आप किसी का भला नहीं कर पा रहे तो ऐसे बड़े होने से कोई फायदा नहीं है। यानि सिर्फ भाईयों-बहनों कहने से ही काम नहीं चलने वाला..... जिस शिद्दत से सखा से दोस्ती का धर्म निभाते हैं....उसी भावना से गरीब और मध्यम वर्ग के बारे में सोचा होता तो पेट्रोल सौ के पार और गैस सिलेंडर ग्यारह सौ रुपए का नहीं होता....दालों के भाव सवा सौ रुपए किलो ना होते....बेरोजगारी-महंगाई पर कंट्रोल कर लिया होता तो मन की बात रेडियो से नहीं करनी पड़ती....सच तो यह है कि बातों से पेट नहीं भरता...गर ऐसा होता तो लोग चौपाल छोड़ काम-धंधों की तलाश में नहीं निकलते....!

# कश्मीर में आतंक नहीं, शांति का उजाला हो

कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। यहां के बर्फ से ढके पहाड़ और खुबसूरत झीलें पर्यटकों आकर्षित करती हैं। कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता की वजह से इसे भारत का स्विटजरलैंड भी कहा जाता है। इसी कारण यहां हर साल हजारों की संख्या में भारतीय और विदेशी पर्यटक आते हैं। हर किसी का सपना होता है कि वह चारों तरफ से खूबसूरत वादियों से घिरा हुआ जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को एक बार तो जरूर देखें। यहां की बर्फीली पहाड़ियां, शांत वातावरण और खूबसूरत नजारे इस वादी की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं, यहां का मौसम साल भर सुहावना बना रहता है। यहां का शांत वातावरण, हरा-भरा पहाड़ी परिदृश्य, वनस्पतियां, झील और नदी इस वैली को जन्नत बनाने का काम करती हैं। प्रकृति की असल खूबसूरती आप यहां आकर देख सकते हैं। प्रदूषण रहित यह स्थल आपको आत्मिक और मानसिक शांति का अनुभव कराएगा। लेकिन इन शांत एवं खूबसूरत वादियों में पडोसी देश पाकिस्तान एवं तथाकथित उन्मादी तत्व आतंक की घटनाओं को अंजाम देकर अशांति फैलाते रहते हैं।

ऐसे ही जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में एक आतंकी हमले के बाद सेना के वाहन में आग लगने से पांच जवान शहीद हो गए, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। नागरोटा में तैनात सेना की 16वीं कोर ने शहीद हुए सैनिकों की पहचान हवलदार मंदीप सिंह, लांसनायक देबाशीश बस्वाल, लांसनायक कुलवंत सिंह, सिपाही हरकृष्ण सिंह और सिपाही सेवक सिंह के रूप में बताई है। शहीद हुए पांच सैनिकों में से चार पंजाब के और एक ओडिशा का रहने वाला था। देबाशीश बस्वाल ओडिशा के अलगुम सामिल खंडायत के निवासी थे, जबकि मंदीप सिंह पंजाब के चानकोईयां काकन गांव के, हरकृष्ण सिंह तलवंडी बारथ गांव के, कुलवंत सिंह चारिक के और सेवक सिंह वाघा के रहने वाले थे। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने वाहन पर गोलियों के निशान देखे हैं और वहां से ग्रेनेड के टुकड़े बरामद हुए हैं, जिससे इसके आतंकी हमला होने की पुष्टि हुई है।

लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर के पुंछ इलाके में हुए इस आतंकी हमले की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इसे जम्मू-कश्मीर में जी-20 सम्मेलन से पहले एक सुनियोजित हमला बताया जा रहा है। यह हमला ऐसे समय में किया गया, जब भारत इस साल जी-20 समिट की अध्यक्षता कर रहा है। इसके तहत लेह में 26 से 28 अप्रैल को और श्रीनगर में 22 से 24 मई को बैठक होनी है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के ट्रक पर हुआ आतंकी हमला इसी माह लेह में और अगले महीने श्रीनगर में होने वाली जी-20 समिट की बैठकों को रद्द कराने की साजिश के तहत किया गया था। मैंने हाल ही अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार करने में जुटी है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 8 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया।

तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ लोगों को बन्दूक से सन्दूक तक एवं आतंक से अमन-चैन तक लाने का, बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार का जादू रहा है। मोदी कश्मीर को जी-20 की बैठक के लिये चुनकर दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि नेतृत्व चाहे तो दुनिया से आतंकवाद को समाप्त किया जा सकता है। इस बैठक में जी-20 सदस्य देशों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में



भाग लेंगे।

कश्मीर सहित समूची दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने का नेतृत्व करके मोदी एक और करिश्मा घटित करने को तत्पर है, पूंछ जैसी घटनाएं उनके इरादों को कमजोर नहीं, बल्कि बलशाली ही बनाती है। जिस जगह पर हमला हुआ वहां पर सीमा सड़क संगठन द्वारा एक बोर्ड लगाया गया है जिसमें लिखा है कि हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाए, इस बोर्ड के ऊपर भी गोलियों के निशान बने हुए है। जहां पर हमला हुआ वहां पर एक बहुत बड़ा पत्थर है इस पत्थर की आड़ लेकर भी आतंकियों ने सैन्य वाहन पर गोलीबारी की। आतंकियों ने जिस जगह पर सैन्य वाहन पर हमला किया उस जगह पर सड़क के नीचे से एक पुलियां गुजरती है जिसमें एक नहीं कई लोग आराम से छीप कर बैठ सकते है और यह पुलिस किसी को नजर भी नहीं आती है। सड़क के किनारे पर अभी भी सामान बिखरा हुआ पड़ा है। जबकि सड़क के दोनों तरफ काफी घना जंगल है जिसके अंदर आतंकी सुरक्षित शरण लेकर अपने ठिकानों तक पहुंच सकते हैं।

15 अगस्त 47 के दिन से ही पड़ोसी देश पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति ह्यकश्मीरह्न पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है। कश्मीर को अशांत करने का कोई मौका वह खोना नहीं चाहता। आज के दौर में उठने वाले सवालों में ज्यादातर का जवाब केंद्र सरकार को ही देना है, उसने सटीक जबाव देकर आतंकियों के मनसूंबों को ढेर किया है, पडोसी देश की गर्दन को मरोड़ा भी है। यह बात भी सही है कि इस मसले को दलगत राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। ऐसे वक्त में जब कश्मीर में लोकतांत्रिक तरीके से सरकार बनाने की तैयारियां चल रही हों, वहां शांति स्थापित करना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। आए दिन की हिंसक घटनाएं आम नागरिकों में भय का माहौल ही बनाती हैं। माना कि रोग पुराना है, लेकिन ठोस प्रयासों के जरिए इसकी जड़ का इलाज होना ही चाहिए। इनमें अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं। अब जरूरत है खुफिया तंत्र को दूसरी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार एवं सक्षम किया जाये। आतंकी संगठनों में नए भर्ती हुए युवाओं और उनके मददगारों की शिनाख्त जरूरी है, ताकि लक्षित हत्याओं के उनके इरादों को पहले ही नाकाम किया जा सके। घाटी में हालात सुधरने के केंद्र सरकार के दावों की सत्यता इसी से परखी जाएगी कि घाटी में अल्पसंख्यक पंडित और प्रवासी कामगार खुद को कितना सुरक्षित महसूस करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो असली लड़ाई कश्मीर में बन्दूक और सन्दूक की है, आतंकवाद और लोकतंत्र की है, अलगाववाद और एकता की है, पाकिस्तान और भारत की है। शांति का अग्रदूत बन रहा भारत एक बार फिर युद्ध के जंग की बजाय शांति प्रयासों एवं कूटनीति से पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाये, यह अपेक्षित है।

# मोदी अंधविरोध में चक्करघिन्नी हो रहे विपक्षी नेता

लगता है बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ताच्युत करने की सुपारी ले ली है। मोदी भी पलटवार करते हुए यह कहने से नहीं चूक रहे है की कुछ लोगों ने मेरी छवि खराब करने के लिए सुपारी दी हुई है। नीतीश देशभर में मोदी के खिलाफ वातावरण बनाने के लिए चक्करघिन्नी हो रहे है। अब उनका ध्यान बिहार के विकास की तरफ कम और मोदी की खिलाफत की और ज्यादा है। कल तक भाजपा और मोदी के साथ गलबहियां का रिश्ता रखने वाले नीतीश का मोदी के खिलाफ अंधविरोध राजनीतिक समीक्षकों की समझ से बाहर है। नीतीश विपक्ष के उन सभी मुख्यमंत्रियों और नेताओं से मिल रहे है जो एक दूसरे के खिलाफ है मगर मोदी के विरोध में अपना राजपाट लुटाने को तैयार है। वो हर समय लालू के बेटे तेजस्वी को साये की तरह अपने साथ रख रहे है जो बिहार के डिप्टी सीएम का पद सुशोभित कर रहे है।

नीतीश अपनी ताकत बढ़ने के हर तौर तरीकों को आजमा रहे है वो चाहे जायज हो या नाजायज। नीतीश एक डीएम की हत्या के दोषी बाहुबली नेता आनंद मोहन सिंह को जेल से रिहा करवा कर बिहार में अपनी ताकत बढ़ाने में लगे है। उधर लालू यादव चाहते है नीतीश को पीएम का सर्वसम्मत उम्मीदवार बनाकर अपने बेटे तेजस्वी के लिए बिहार के गद्दी सुरक्षित की जाए। बताया जाता है राहुल गाँधी मोदी हटाने के लिए बंगाल, यूपी, दिल्ली, पंजाब सहित कुछ प्रदेशों में कांग्रेस की बलि देने को तैयार हो गए है। ममता, अखिलेश और केसीआर जैसे नेता चाहते है मोदी को हटाने के लिए कांग्रेस को उनके प्रदेशों से पीछे हटना पड़ेगा तभी व्यापक एकता का मार्ग प्रशस्त होगा। दूसरी तरफ शरद पवार ने अडानी और मोदी विरोध के कुछ मुद्दों पर अपनी असहमति जता कर विपक्षी एकता के मार्ग में कांटे बो दिए है । यह तो आने वाला समय ही बता पायेगा की मोदी के अंधविरोध की यह सियासत सफल होती है या नहीं। कांग्रेसी नेता राहुल गाँधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, यूपी सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव, तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर का मोदी के प्रति अंधविरोध तो समझ में आने वाला है क्योंकि इनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ मोदी की एजेंसियां भ्रष्टाचार की जाँच कर रही है। कई नेता जेल के सींकचों में बंद है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री



उद्धव ठाकरे के हाथ से मोदी ने सत्ता छीन ली इसलिए उनका विरोध भी समझ में आने वाला है। इस कड़ी में एक नया नाम सतपाल मलिक का जुड़ गया है जो मोदी को हटाने के लिए खुलेआम जुटे है। बहरहाल नीतीश ने लालू यादव से हाथ मिलाने के बाद राष्ट्रीय राजनीति में अपने कदम बढ़ा दिए है। नीतीश ने दिल्ली, कोलकत्ता और लखनऊ आदि स्थानों के दौरे कर राहुल गाँधी सहित कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, ममता , अखिलेश ,वामपंथी नेता सीताराम येचुरी, डी राजा, आप सांसद संजय सिंह और सुधींद्र कुलकर्णी सरीखे नेताओं से मुलाकात कर विपक्षी एकता को धार देने की अपनी चर्चित मुहिम तेज कर दी है। नीतीश ने घोषणा की है 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करने के लिए विपक्ष की सभी पार्टियों को एक झंडे के नीचे लाया जायेगा। इसके लिए सभी संभव प्रयास शुरू कर दिए है। डल्ली ॲल्ल२३ डल्ली के फामूर्ले पर बहुत जल्द ही मुहर लगाने वाले हैं। दूसरी और एनसीपी नेता शरद पवार ने भी कांग्रेसी नेताओं से मुलाकात कर विपक्षी एकता पर बल दिया है। इसी बीच यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने मोदी के खिलाफ मोर्चा बनाने पर जोर देते हुए कांग्रेस से क्षेत्रीय पार्टियों को समर्थन देने को कहा है। राजनीतिक समीक्षकों का कहना है हालांकि लोकसभा चुनाव अभी दूर है मगर भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की खिचड़ी फिर पकने लगी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता की धुरी बने है। नीतीश ने 2024 के लोकसभा चुनाव की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। 2019 में लोकसभा चुनाव में हार से हताश विपक्ष को नीतीश कुमार साधने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। आरजेडी जहां नीतीश को पीएम मैटेरियल बता रही है वहीं, पीएम कैंडिडेट की रेस से नीतीश खुद को अलग दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

## जेजेएम की 14,815.96 करोड़ रुपए की वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन

जयपुर। अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में हुई राज्य जल एवं स्वच्छता समिति (एसडब्लूएसएम) की कार्यकारी समिति की बैठक में जल जीवन मिशन की 14,815.96



करोड़ रूपए की वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन किया गया। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 26.40 लाख जल कनेक्शन (एफएचटीसी) प्लान किए गए हैं। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 23.40 लाख एफएचटीसी का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत संचालित वृहद एवं लघु पेयजल परियोजनाओं के रख-रखाव तथा जेजेएम के तहत वर्ष 2022-23 में सपोर्ट एक्टीविटीज की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के बारे में जानकारी दी दी गई। बैठक में बताया गया कि 26 अप्रेल तक 40.44 लाख ग्रामीण परिवारों को हर घर जल से लाभांवित किया जा चुका है तथा 14,579 करोड़ रूपए अभी तक जल जीवन मिशन में व्यय हो चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि 43, 238 ग्राम जल स्वच्छता समिति का गठन किया जा चुका है एवं 43,263 विलेज एक्शन प्लान (वीएपी) बनाए गए जिनमें से 42,993 को ग्राम सभा से स्वीकृति मिल चुकी है।

# परिण्डे बांधों अभियान के तहत जार ने नून हॉस्पिटल में बांधे परिण्डे

भवानी मंडी- जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान(जार ) जिला झालावाड़ इकाई का परिण्डे बांधो अभियान इन दिनों चर्चा में बना हुआ है क्योंकि यह अभियान जिला स्तर पर चलाया जा रहा है और इसके लिए जार झालावाड़ की टीम पूरे जिले में सक्रिय है। परिण्डे बांधो अभियान के तहत भवानी मंडी नून हॉस्पिटल परिसर में भी जार टीम ने परिण्डे बांधे। इस अवसर पर जार प्रदेश उपाध्यक्ष भवँर सिंह कछवाहा, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप श्रंगी, जिला मीडिया प्रभारी संस्कृति



जैन, जिला कार्यालय सचिव किशोर तंवर, जिला सदस्य गोविंद नागर,हरीश पटवा व पचपहाड़ तहसील अध्यक्ष राजेश प्रजापति के साथ इस आयोजन के सहयोगी कल्याणमल मेघवाल व नून हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी देबब्रत मुखर्जी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवयान चक्रवर्ती, मैनेजर ऑपरेशन ईशा भटनागर, जनसम्पर्क अधिकारी प्रतापसिंह झाला,रवि निमावत, शकील मोहम्मद,आशीष भट्ट,अभिषेक गुप्ता,दीपक सोनी,अनिल पंकज व जावेद खान आदि स्टॉफ सदस्य मौजूद थे।

## अमेठी थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा 02 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/शिवकुमार मौर्य**



उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 26.04.2023 को धीरेन्द्र कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 125/23 धारा 147,304,323,504,506 भादवि में वांछित 02 अभियुक्तों 1.मो0 जुनैद पुत्र मो0 मोबीन निवासी गौरीगंज हरदासपुर थाना मील एरिया जनपद रायबरेली उम्र करीब 20 वर्ष, 2. गंगा प्रसाद उर्फ गांगुली पुत्र राम नन्द मौर्या निवासी राजापुर कंश मजरे पुरासी थाना महराजगंज जनपद रायबरेली उम्र करीब 26 वर्ष को ओनडीह चौराहे के पास से समय करीब 10:05 बजे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## ग्राम टिटपुरी में महंगाई राहत कैंप का एसडीएम लाखन सिंह गुर्जर ने संभाला मोर्चा

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**



कठूमर। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत टिटपुरी में प्रशासन गांवों के संग महंगाई राहत कैंप उपखंड अधिकारी लाखन सिंह गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गयावही पंचायत समिति कठूमर क्षेत्र में कुल तीन कैंप आयोजित हुए। कैंप में स्वयं उपखंड अधिकारी लाखन सिंह गुर्जर ने मोर्चा संभालते दिखाई दिए और शांतिपूर्ण तरीके से रजिस्ट्रेशन हुए। कैंप में बिजली,छाया,पानी की पर्याप्त व्यवस्था रही। लाभार्थियों को कुर्सियों पर बैठाकर संवेदनशीलता के साथ उनका विभिन्न योजनाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया। उपखंड अधिकारी लाखन सिंह गुर्जर सहित आलाधिकारी सुबह से ही कैंप में जमे रहे। सुबह से शाम तक रजिस्ट्रेशन कार्य चलता रहा। पंजीकरण का प्लाजमा टीवी के माध्यम से प्रसारण चलता रहा। इस मौके पर उपखंड अधिकारी लाखन सिंह गुर्जर, तहसीलदार राजेश मीणा, विकास अधिकारी यशवंत शर्मा, सहायक अभियंता शिवराम मीणा,ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी वर्षा मीणा, अति विकास अधिकारी,योगेश सैनी ,महेश शर्मा,मनोज भारद्वाज, रिमांशु शर्मा, भूप सिंह, तोफिक सहित सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## अमेठी संग्रामपुर पुलिस द्वारा 01अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/शिवकुमार मौर्य**



उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 26.04.2023 को उ0नि0 रामलाल यादव थाना संग्रामपुर मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त जय प्रकाश मिश्रा पुत्र उदयराज मिश्रा निवासी ग्राम फूला का पुरवा मजरे उत्तरगाँव थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 36 वर्ष को पेट्रोल पंप विशेषरगंज के पास से समय करीब 10.10 बजे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ । गिरफ्तार अभियुक्त के संबंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## ग्राम विकास अधिकारियों की हड़ताल जारी

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**



बानसूर - कस्बे के पंचायत समिति परिसर में 21 अप्रैल से सामूहिक हड़ताल और 24 अप्रैल से कार्य बहिष्कार को लेकर ग्राम विकास अधिकारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी के साथ की गई लिखित समझौते 1 अक्टूबर 2021 व 11 दिसंबर 2021 और 6 दिसंबर 2022 के लिखित समझौते को लागू करने और लिखित सहमति के बाद आदेश जारी करने के विरोध में पंचायत समिति सभागार में ग्राम विकास अधिकारी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। सरकार जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं करेगी, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा और सरकार की ओर से चलाएं जा रहे मुख्यमंत्री महंगाई राहत शिविर और प्रशासन गांवों के संग अभियान का बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष कमल शर्मा, मदन सैन,संजय शर्मा, राजकुमार चौधरी, बाबूलाल यादव, बलवीर, दयानंद ,रामबाबू ,विवेक शर्मा, सुनील शर्मा, विजय कुमार सहित सभी ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## राजकीय सीनियर सेकंडरी विद्यालय रंग रोगन पुताई रंग बिरंगी पेंटिंग आर्ट कला से लगे चार चांद

**मरुधर विशेष /जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**




नीमराना/ कस्बे की राजकीय सीनियर सेकंडरी विद्यालय रंग रोगन पुताई रंग बिरंगी पेंटिंग आर्ट कला से लगे चार चांद , वास्तविकता विद्यालय की नई पहचान विद्यार्थियों के लिए नई पहल नीमराना कस्बे के राजकीय सीनियर सेकंडरी विद्यालय के प्रिंसिपल व नोडल अधिकारी करम सिंह यादव के द्वारा अथक प्रयासों से विद्यालय की कायापलट में अहम योगदान रहा ' गौरतलब है कि इससे पूर्व में विद्यालय की स्थिति व दशा अस्त व्यस्त थी ' 8- अगस्त 2022 को प्रिंसिपल करम सिंह यादव का इस विद्यालय में पदस्थापन हुआ था आने के बाद उन्होंने विद्यालय की दुर्दशा को बारीकी से समझा उन पर अध्ययन किया गया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए नीमराणा औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों ,भामाशाहों तथा स्टाफ के सहयोग से विद्यालय की व्यवस्था व दशा सुधारने के उचित कदम उठाए ।नीमराणा एसडीएम श्री मुकुट सिंह चौधरी से बैठक के दौरान प्रिंसिपल ने विद्यालय विकास के लिए बात की। करम सिंह यादव के अथक प्रयास से विद्यालय में रंग रोगन तथा मरम्मत का कार्य करवाया गया , पानी की सुचारू व्यवस्था तथा संग्रहण की व्यवस्था करवाई गई , विद्यालय छत की मरम्मत , विद्यार्थियों के लिए फुनीर्चार , कक्षा कक्षों में लाइट , व पंखों की फिटिंग सुचारू करवाई , पीने के पानी के लिए आरओ सिस्टम आदि कार्य करवाए गए करम सिंह का यह प्रयास सराहनीय है '

## सेवारत व सेवानिवृत्त विधुत कर्मियों ने पेंशन की विसंगतियों को लेकर मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल 26 अप्रैल ।सीपीएफ विधुत कर्मचारी कल्याण समिति के प्रभारी श्यामलाल शर्मा ने सेवारत, सेवानिवृत्त और विधवाओं को पेंशन विसंगतियों को लेकर पत्र लिखा है। पत्र में सामाजिक सुरक्षा की भावना से समिति द्वारा प्रस्तुत दया याचिका के मध्ये नजर पेंशन विकल्प खोलने की घोषणा की थी ।परन्तु वित्त विभाग ने 21 फरवरी व 20 अप्रैल 2023 के क्रियान्वित आदेशो से स्पष्ट कर दिया है कि मोटा पैसा ( 15 से 30 लाख) जमा कराने पर ही पेंशन लेकर कर्मचारी,विधवाऐं सामाजिक सुरक्षा प्राप्त कर सकते है ।वित्त विभाग के आदेशो के अनुसार कर्मचारी,विधवाऐं सेवानिवृति अंशदान का पैसा 12 प्रतिशत ब्याज के साथएकमुश्त जमा कराकर तथा नियोक्ता का ईपीएफओ में जमा पैसा भी 12 प्रतिशत ब्याज के साथ एकमुश्त जमा कराने पर ही विकल्प स्वीकार किया जायेगा । इस प्रकार सिर्फ वहीं कर्मचारी इसका फायदा ले पायेंगे जो अभी सेवा में है या जो दो तीन वर्ष पूर्व सेवानिवृत हुए है जिनमें से ज्यादातर कर्मचारियों ने अपना पैसा ड्रॉ नहीं किया है ।

# तलवाड़ा के पास मसोटिया में 24 तारीख की रात्रि 16 भेडे चोरी हो गई थी जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



बांसवाड़ाः जिला प्रशासन स्तर पर पहुंचकर समस्त रेबारी समाज के पंचों ने आए दिन चोरों द्वारा भेड़ चोरी कर ले जाने के संबंध में आक्रोश व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर अवगत करवाया कि हम प्रार्थी गण राजस्थान राज्य के अलग-अलग जिलों से आकर बांसवाड़ा में अस्थाई डेरा लगाकर भेड़ बकरियों को चराने के लिए आते हैं परंतु यहां पर पहले हमें किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता था अब आए दिन हमारी भेड़े रात्रि में चोरी हो जाती है जिससे हमें मानसिक एवं आर्थिक क्षति होती है ।क्योंकि इनमें से कई लोग तो इन भेड़ों के मालिक नहीं है। हम तो केवल चराने आते हैं। हम हिसाब दे भी तो कैसे दें हमारे मालिक को हमें हमारे घर से उल्टे मालिक को पैसे देने पड़ते हैं ।किनाराम देवासी ने बताया कि आज प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर बताया है कि हमारी जो 2 से 3 माह में ढाई सौ भेड़े चोरी हो गई उन समस्त चोरी का खुलासा करते हुए ।हमें हमारे भेड़े वापस दी जाए। एवं आर्थिक मदद की जाए। क्योंकि हम लोग मजदूरी करके पेट पालने वाले हैं। दिन भर इस कड़ी धूप में खड़े रहकर हम मेहनत करते हैं साहब और रात में कभी कभार नींद लग जाती है तो चोरी यह चोरी करके ले जाते हैं। पहले भी हमारे द्वारा लोहारिया थाना मोटा गांव थाना एवं गढ़ी थाने में अलग-अलग चोरी के मामले में दर्ज करवाए गए। आज फिर तलवाड़ा के पास मसोटिया में 24 तारीख की रात्रि 16 भेडे चोरी हो गई है ।जिसके लेकर आज समाज के सभी प्रतिनिधियों ने यहां पर ज्ञापन देने आए हैं वागधरा संस्था के कमलेश बुनकर बासुडा कटारा ने भी समस्त रेबारी समाज की समस्याओं से अवगत करवाया ।ज्ञापन देने वालों में जोगाराम,कोजाराम , लालाराम सोमाराम, मोडाजी,भेरुजी गोकुलम कल्लाजी, जीवाराम ,धनाजी इत्यादि समस्त पंचों ने ज्ञापन देकर उक्त चोरों को निजात दिलाने की मांग की। ये जानकारी कमलेश बुनकर ने दी।

# प्रशिक्षण व्यक्तित्व निर्माण का आधार है :- नवीन कुमार झा - प्रांत निरीक्षक, विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत अजमेर

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



बांसवाड़ाः विद्या भारती जनजाति समिति राजस्थान का दक्ष प्रशिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ नवीन कुमार झा प्रांत निरीक्षक, विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत अजमेर एवं बाबूलाल जी शर्मा संस्कार केंद्र प्रमुख, विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र के प्रेरक सानिध्य में प्रारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में कार्यकर्ता के निर्माण में प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, झा ने कहाँ कि प्रशिक्षण व्यक्तित्व निर्माण का आधार है, व्यक्ति कभी पूर्ण नहीं होता, सदैव कुछ न कुछ सीखने का अवसर प्राप्त होता है, जनजाति क्षेत्र के महापुरुषों ने अपने जीवन का सर्वस्व अर्पण कर समाज का निर्माण किया। आज समय की माँग है कि समाज को कुरीतियों से मुक्त करने व विध्वंसकारी शक्तियों से बचाने के लिए समर्पित संगठित समाज निर्माण की आवश्यकता है। दक्ष प्रशिक्षण वर्ग में 52 कार्यकताओं द्वारा प्रशिक्षण लिया गया, ये सभी कार्यकर्ता आगामी मई व जून माह में लगने वाले नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के प्रशिक्षण देने वाले हैं। प्रशिक्षण वर्ग में ₹नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020₹ के अनुरूप -क्रिया आधारित शिक्षा, शिशु गीत सरस्वती शिक्षा केंद्र, केंद्र की पंचांगी योजना, भजन मंडली संचालन, वंदना सभा के विभिन्न विषयों पर ललित दवे जिला सचिव विद्या भारती संस्थान बाँसवाड़ा, नारायणलाल गमेती सह-सचिव विद्या भारती जनजाति समिति राजस्थान, मानेंग पटेल सचिव विद्या भारती जनजाति समिति राजस्थान, रामलाल गरासिया, रामलाल हरमोर, सुरेंद्र आचार्य ने प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन के अवसर पर राजस्थान क्षेत्र के संस्कार केन्द्र प्रमुख बाबूलाल शर्मा ने जीवनोपयोग शिक्षा, स्वावलंबन कार्य व आदर्श समाज खड़ा करने पर कार्यकताओं को उद्बोधन किया। शर्मा ने प्रातःकाल कुंभेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना व माता त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन भी किये। यह जानकारी से प्रचार-प्रसार प्रमुख कालूसिंह देवदा ने करवाई।

# जिला कलेक्टर प्रकाश चंद भंडारी ने कुशलगढ़ क्षेत्र के पाटन छोटी सरवा और कुशलगढ़ नगर पालिका टाउन हॉल मैं निरीक्षण किया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**




कुशलगढ़ःआज बांसवाड़ा जिला कलेक्टर प्रकाश चंद शर्मा कुशलगढ़ उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी के साथ कुशलगढ़ क्षेत्र के पाटन छोटी सरवा कुशलगढ़ नगरपालिका कुशलगढ़ टाउन हॉल में महंगाई राहत कैंप प्रशासन शहरों के संग शिविर का निरीक्षण किया और लोगों से सरकार की योजनाओं के के बारे में लोगों से पूछताछ की और लोगों से कहा कि इस तरह कैंप से होने वाले लाभ लोगों को अधिक से अधिक लाभलेना चाहिए जिससे आप लोगों को मिल सके उन्होंने कैंप में संबंधित अधिकारियों से भी कैंप के बारे में जानकारी ली और लोगों से समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त जिला कलेक्टर प्रकाश चंद शर्मा ने कुशलगढ़ नगर पालिका में नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र हारी और अधिशासी अधिकारी जसपाल सिंह कैंप के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने कहा कि कोई समस्या हो तो आप बता दें उन्होंने टाउन हॉलमें लगा कैंप का भी निरीक्षण किया और जानकारी प्राप्त की कुशलगढ़ महंगाई राहत कैंप शिविर में नगरपालिका के हरेंद्र जयन जितेंद्र सिंह खुशपाल सिंह बुद्धि लाल शाह संजय जमादार सुधीर चरपोटा जयकुमार वैभव नीमा रेखा मीणा और पार्षद राहुल सोनीआदि उपस्थित थे इसी तरह छोटी सरवा में कुशलगढ़ तहसीलदार वीरेंद्र सिंह राठौर कुशलगढ़ पंचायत समिति विकास अधिकारी मनोज दोषी जलदाय विभाग के अधिकारी निखिल त्रिवेदी पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी अनिल मीणा बिजली विभाग के अधिकारी कैलाश जाजोरिया पंचायत समिति के नरेंद्र सुनील शाह और जनप्रतिनिधि सरपंच गण पाटन और छोटी सरवा में उपस्थित थे।

# पौराणिक तीर्थ है परशुराम धाम: लीमथान

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



बांसवाड़ाः वाग्वर अंचल के चप्पे-चप्पे पर पुरा वैभव बिखरा पड़ा है। इस क्षेत्र को परशुरामाश्रम भी कहते हैं। यहां के प्राचीन देवालयों और पुरातात्विक धरोहरों के आधार तथा जनश्रुति के अनुसार यह किसी समय में समृद्ध क्षेत्र रहा है। विशेष कर कुशलगढ़ से लेकर गौतमेश्वर तक और दानपुर से लेकर डूंगरपुर तक शैव और शाक्यवंश के भग्नावशेष इस क्षेत्र की पौराणिक समृद्धता को बया करते हैं। कईं मंदिर काल के गाल में समा गये तो कईं आक्राताओं द्वारा खण्डित कर दिए गए हैं। इनमें एक तीर्थ है लीमथान का परशुराम धाम। जिला मुख्यालय से मात्र 17 किमी की दूरी पर पंचायत समिति बांसवाड़ा क्षेत्र में नवागांव व सामरिया के बीच 800 वर्ष पूर्व निर्मित यहां के मन्दिर तत्कालीन स्थापत्य कला के बेजोड़ उदाहरण हैं ।पश्चिमाभिमुख परशुराम मंदिर का पुराना स्वरुप केवल गर्भगृह के रुप में देखा जा सकता है। इसके आगे बना पुराना रंग मण्डप काल के गाल में समा गया है। इस सदी के श्रद्धालुओं की जागरुकता और जन प्रतिनिधियों के सहयोग से अब यह मंदिर लोगों की आस्था का केन्द्र बना हुआ है। मंदिर में स्थापित श्वेत प्रस्तर की भगवान परशुराम की प्रतिमा दर्शनार्थियों का मन मोह लेती है। यहां पाये गये अभिलेख और जनश्रुति के अनुसार वर्षों पूर्व यहां एक विशाल नगर था। ब्राह्मणों के पुरोधा भगवान परशुराम ने यहां लोगों को कईं बार दर्शन भी दिए हैं। उसके बाद तत्कालीन राजा ने यहां भगवान परशुराम के मंदिर का निर्माण करवाया। जिले का एक मात्र परशुराम मंदिर उस समय लोगों की आस्था और श्रद्धा का एकमात्र केन्द्र रहा है। कहा जाता है कि अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का आयोजन यहां देखने लायक होता था। उस दिन यहां के राजा पुरे दिन मंदिर में अनुष्ठान और पूजा अर्चना करते थे और यहां आनेवाले प्रत्येक विप्र को स्वर्ण मुद्रा भेंट कर संतुष्ट करते थे। उस समय मंदिर परिसर में मेले सा माहौल रहा करता था।

परशुराम मंदिर के ठीक सामने कृष्ण मंदिर भी बना हुआ है। यह भी परशुराम मंदिर के समकालीन माना जाता है। कहा जाता है कि महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण पाण्डवों के साथ घोटिया आम्बा की तरफ जा रहे थे और परशुराम जी से भेंट इसी स्थान पर हुई थी। देश और दुनिया में श्रीकृष्ण और परशुरामजी के मंदिर आमने सामने कहीं पर भी नहीं हैं। यहां श्रीकृष्ण की प्रतिमा काले प्रस्तर की बनी हुई है और उनका सिर बाईं तरफ झुका हुआ है और हाथ में बांसुरी धारण की हुई है। यहां स्थित कृष्ण प्रतिमा खण्डित है। इसका वज्र लेप के द्वारा जीर्णोद्धार प्रस्तावित है ।जन्माष्टमी पर आसपास के क्षेत्र के लोग एकत्रित होकर यहां उत्सव मनाते हैं। कृष्ण मंदिर के आगे बाईं ओर पत्थर की एक प्रतिमा स्थापित है जिसे वागड़ी में चिरा कहते हैं, इस पर सुन्दर प्रतिमा बनी हुई है पर किस देवता की है यह उजागर नहीं हो पा रहा है। इन मंदिरों के समीप ही पहाड़ी पर पाण्डवों के पदचिन्ह भी प्रस्तरों पर देखने मिलते हैं।

परशुराम मंदिर के समीप पहले शिलालेख भी स्थापित था पर उसकी भाषा समझ में नहीं आ रही थी। वह शिलालेख अब यहां देखने नहीं मिलता है। लिमथान चौबीसा ब्राह्मण समाज का गांव कहा जाता है। राज दरबार ने उनको यह गांव जागीर में प्रदान किया था। चौबीसाओं को यहां के ठाकुर कहा जाता है। लीमथान के समीप ही सामरिया गांव है। कहा जाता है कि यहां ब्राह्मणों की नगरी हुआ करती थी। हजारों ब्राह्मण परिवार यहां निवास करते थे। उनकी समृद्धि का बखान पूर्वज किया करते थे। कहते थे कि सामरिया में घी-दूध की नदियां बहती थी। सामरिया में भी पौराणिक काल का एक शिव मंदिर है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में अपने पुरा वैभव को उजागर करता है ।भगवान विष्णु के छठे अवतार के रुप में पूजित परशुरामजी का यह दुर्लभ मंदिर जिर्णोद्धार की बाट जोह रहा है। हालांकि पिछले वर्षों में यहां श्रद्धालुओं का बड़ी तादाद में आगमन होने लगा है। विप्र फाउण्डेशन बांसवाड़ा के जिलाध्यक्ष योगेश जोशी के द्वारा सर्व समाज के सहयोग से यहां पिछले दो वर्षों से परशुराम जयंती से लेकर शंकराचार्य जयंती तक पंच कुण्डीय विष्णु याग व विशेष पूजा अर्चना की जाती है। साथ ही नियमित आरती व पूजन भी किया जा रहा है। परशुराम धाम विकास समिति का गठन भी किया गया है, इसके संयोजक महेश जोशी नवागांव व राजेन्द्र चौबीसा लिमथान को अध्यक्ष बनाया गया है। विप्र फाउंडेशन के तहसील अध्यक्ष सुभाष पण्डया, युवा पदाधिकारी मनोज चौबीसा सहित पूरी टीम इस धाम के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील है। शनिवार को परशुराम जयंती पर लिमथान पहुंचे जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के मंत्री अर्जुनसिंह बामनिया ने 20 लाख की लागत से यहां सामुदायिक भवन व लिमथान गांव में प्रवेश मार्ग पर विशाल परशुराम द्वार बनाने की घोषणा की है। अपने चमत्कारों से असंख्य लोगों की मनोकामना पूर्ण करनेवाले लीमथान स्थित परशुराम मंदिर अब वागड़ के जन-जन की आस्था का केन्द्र बना हुआ है। विनोद पानेरी, बड़ोदिया जिला महामंत्री विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा ने दी।

## नीरू परिहार अखिल भारतीय परिसंघ की प्रदेश सचिव नियुक्त



मरुधर विशेष फलोदी। अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ की राजस्थान प्रदेश सचिव महिला विंग नीरू परिहार को नियुक्त किया गया है। राजस्थान प्रदेश की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए फलोदी जिला निवासी नीरू परिहार को प्रदेश सचिव महिला विंग नियुक्त किया गया है। परिहार के प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त होने से प्रदेश के अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों में खुशी की लहर है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नागोरी ने बताया कि मेघवाल की परिसंघ के प्रति लगन एवं सक्रियता को देखते हुए उक्त नियुक्ति दी गई है उन्होंने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य निजीकरण के खिलाफ और आरक्षण बचाने की ओर संघर्ष करना है नीरू परिहार ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नागोरी एवं प्रदेश महासचिव बल्लभ लखेश्वरी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि संघ ने मुझे जो जिमेदारी दी है मैं उसका पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करते हुए अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य करूंगी व संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने में अपनी भागीदारी निभाऊंगी। परिहार की नियुक्ति पर एडवोकेट सुनील मेहरा राष्ट्रीय सचिव परिसंघ, वल्लभ लखेश्री प्रदेश महासचिव परिसंघ, शांति चौहान प्रदेश महासचिव महिला विंग, राजेंद्र गुजराती जिला अध्यक्ष जोधपुर दक्षिण, संतोष बडारिया जिला अध्यक्ष जोधपुर उत्तर, सुरेश मेघवाल जिलाध्यक्ष फलोदी, प्रेमलता जीनगर जिला अध्यक्ष फलोदी महिला विंग, जैकी कनौजिया जिला संरक्षक यूथ विंग , किरण भील मोखेरी, चांदनी पार्षद, सरपंच किरण मेघवाल, वरिष्ठ अध्यापक भूराराम इणखिया, विजय मेहरा जिला संरक्षक महिला विंग, दुर्गा मकवाना, कंचन लखेश्री आदि ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए परिहार को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

## बेजुबान पक्षियों हेतु पानी पीने के लिए परिंदे बांधे

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशलगढः राजस्थान वनवासी कल्याण आश्रम परिसर कुशलगढ़ मोर मै इस भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों हेतु पानी पीने के लिए परिंदे बांधे गए! जिसमें संगठन के कार्यकताओं ने इस पुण्य कार्य हेतु सभी से आह्वान करते हुए संदेश देना चाहा कि यही पुण्य है ! हम जहां भी है अपने स्थान पर इस प्रकार से हम व्यवस्था करें जिससे पशु पक्षी अन्य सभी प्रकार के बेजुबान जानवर अपनी प्यास बुझा सके! संगठन के इस कार्य में लगे कार्यकताओं में भरतजी कुमावत, वेस्तारामजी वसुनिया, कालू सिंह देवदा, भरत जी बारिया, वेलजी देवदा, नितेश मईडा, रविंद्र वसुनिया आदि का सहयोग रहा! ये जानकारी भरत कुमावत ने दी।

## पंचायत समिति प्रधान कानहिंग रावत ने जिला कलेक्ट्रेट जन आक्रोश महा घेराव के लिए गावों में जनसंपर्क किया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशलगढः पंचायत समिति प्रधान कानहिंग रावत ने आज कांग्रेस सरकार के जंगलराज भ्रष्टाचार व कुशासन के खिलाफ जिला कलेक्ट्रेट जन आक्रोश महा घेराव कार्यक्रम को लेकर आज ग्राम पंचायत घाटा, सबलपुरा, टीमेड़ा बड़ा ,टीमेड़ा छोटा, बड़वास बड़ी, वाकानेर ,ऊकाला, बिलीपाडा.मे जनसंपर्क किया। साथ में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह लबाना ,पूर्व लेम्पस अध्यक्ष उदय सिंह लबाना, मंडल महामंत्री राकेश खड़िया , जिला परिषद सदस्य कलसिंह डामोर, घाटा सरपंच सुखलाल राणा, सारण सरपंच गोबरीया भाई सबलपुरा पूर्व सरपंच मांगीलाल डामोर, ऊकाला सरपंच प्रकाश चरपोटा,भीमा भाई भाभोर शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित रहे।

## भगवान श्री अभिनंदननाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



बडोदिया । श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर बडोदिया मे चोथे तीर्थंकर भगवान श्री अभिनंदननाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया । समाज के कमलेश दोसी व भुपेश खोडणिया ने बताया कि प्रातः श्रीजी का जलाभिषेक व शांतिधारा का सोभाग्य बसंतलाल जैन पुत्र जीतमल जैन परिवार ने प्राप्त किया । जिसके उपरांत सामुहिक रूप से निर्वाण पूजन के साथ ही शारदा देवी धर्म पत्नी रमेश चंद्र चोखलिया परिवार द्वारा मेरू के आकार मे निर्माण किऐ गए निर्वाण लाडु को कांतिलाल खोडणिया पुत्र सुखलाल खोडणिया परिवार ने बोली के माध्यम से चढाकर विश्व मंगल की कामना की । संचालन जयन्तिलाल खोडणिया ने किया । इस दोरान समाज के मिठालाल जैन, सोहनलाल दोसी,मगनलाल खोडणिया, अमृतलाल खोडणिया, लक्ष्मीलाल खोडणिया, सुरेश चंद्र जैन,विनोद चोखलिया,आशिष भैया तलाटी, राजेन्द्र खोडणिया, अरविन्द खोडणिया, पवन तलाटी, धनपाल खोडणिया, लवीश खोडणिया के अलावा बडी संख्या मे महिला पुरूष श्रावक उपस्थित थे । ये जानकारी दीपक जैन ने दी।

## महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर लक्ष्मणलाल परमार एवं प्रोफेसर कल्याणमल सिंगाड़ा की सह आचार्य से आचार्य पद पर पदोन्नति

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशलगढः स्व.मामा बालेश्वर दयाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशलगढ़ में केरियर काउन्सलिंग सेल द्वारा आचार्य पद पर पदोन्नति के उपलक्ष्य में स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य महेन्द्र कुमार देपन ने बताया कि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर लक्ष्मणलाल परमार एवं प्रोफेसर कल्याणमल सिंगाड़ा की सह आचार्य से आचार्य पद पर पदोन्नति हुई । कुशलगढ़ क्षेत्र का सौभाग्य है कि यहाँ से दो प्रोफेसर भूगोल विषय से चयनित हुए। प्रोफेसर लक्ष्मणलाल परमार ने विद्यार्थियों को कहा कि सकारात्मक दृष्टि रखते हुए सदैव धैर्य के साथ लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। प्रोफेसर कल्याणमल सिंगाड़ा ने प्रोफेसर तक पहुँचने के अपने जीवन रथ यात्रा को बताते हुए प्रोफेसर बनने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत करवाया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य मोहित चुहाडिया, योगेश वर्मा , माखनसिंह मीना, नरेन्द्र कुमार, डॉ जोहनसिंह देवदा,डॉ धर्मेन्द्र भाभोर , मनिष मुनिया एवं विकेश कटारा उपस्थित रहें।

## पाटीदार युवा समिति गामड़ी चोखला की कार्यकारिणी का गठन किया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



तलवाड़ाः पाटीदार युवा सेवा समिति गामडी चोखला की कार्यकारिणी का गठन सुरेश जी पाटीदार कोटडा एवं नरेश जी पाटीदार सरवानिया के आतिथ्य में हुआ, जिसमें गामडी चोखला अध्यक्ष पद पर सतीश पाटीदार तलवाड़ा एवं संरक्षक पद पर परमेश पाटीदार कुशलपुरा को बनाया, एवं महेश पाटीदार धलकीयां हेमंत पाटीदार वाका शैलेंद्र पाटीदार कुशलपुरा ललित पाटीदार गामड़ी को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया, तथा साथ ही युवा ने सामाजिक समरसता सेवा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया युवाओं ने नशा नहीं करने सामाजिक बुराइयों को दूर करने एवं शिक्षा को बढ़ावा देने ,अन्न का अपमान नहीं करने , थाली में जूठन नहीं छोड़ने की शपथ ली, तथा साथ ही विट्ठल पाटीदार धलतकीयां ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं नरेश पाटीदार उप सरपंच गामडी ने भी व्यवस्था में सहयोग दिया, कार्यक्रम का संचालन लोकेश पाटीदार गामडी ने एवं आभार हितेश पाटीदार गामडी ने व्यक्त किया। ये जानकारी चंद्रशेखर त्रिवेदी ने दी।

## छत्तीसगढ़ पुलिस में भर्ती कराने के नाम पर लाखों की ठगी, ना नौकरी लगी ना पैसा मिला मामला जा पहुंचा पुलिस के पास

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

सूरजपुर। ग्राम छत्तरपुर निवासी दलगर राम ने चौकी लटोरी में लिखित आवेदन दिया कि वर्ष 2017-18 में इससे एवं आशाराम से पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में नौकरी लगाने के नाम पर अरविन्द पाण्डेय ने दिनांक 09.02.21 को क्रमशः 1,50,000 रुपए एवं 1,30,000 रुपए कुल 2 लाख 80 हजार रुपए नगद लिया था जब दोनों का सलेक्शन पुलिस आरक्षक भर्ती में नहीं हुआ तो अरविन्द से पैसा वापस मांगने पर इसे 45 हजार रुपए व आशा राम को 20 हजार रुपए वापस किया शेष राशि का चेक दलगर राम के नाम पर दिया पर खाता में पर्याप्त रकम नहीं होने के कारण भुगतान नहीं हुआ। नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने संबंधी रिपोर्ट पर धारा 420 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने मामले के फरार आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के निर्देश चौकी प्रभारी लटोरी को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्शन में चौकी लटोरी पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर अम्बिकापुर में घेराबंदी कर फरार आरोपी अरविन्द पाण्डेय पिता स्व. अगस्त पाण्डेय उम्र 45 वर्ष निवासी बौरीपारा अम्बिकापुर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने जुर्म स्वीकार कर रकम खर्च कर देना बताया जिसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, एएसआई अरविन्द प्रसाद, आरक्षक अम्बिका मरावी, आरक्षक नंदकिशोर राजवाड़े, शोभनाथ कुशवाहा व महिला आरक्षक मुनेश्री पैंकरा सक्रिय रहे।



## कलेक्टर ने किया सोनहत के ग्राम पोडी गौठान का निरीक्षण

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

कोरिया /जिले के गौठानों में विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन से समूह की महिलाएं आर्थिक रूप सम्पन्न हो रहीं हैं। इन्हीं गतिविधियों का जायजा लेने आज कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने विकासखण्ड सोनहत के ग्राम पोंडी में संचालित गौठान का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने गौठान में गोबर खरीदी की जानकारी ली तथा नियमित रूप से खरीदी जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं सेध गौठान में संचालित आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए नवीन गतिविधियों से जुडने हेतु महिलाओं को प्रेरित किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान वर्मी कम्पोस्ट खाद का निर्माण कर रहीं साक्षर स्वसहायता समूह की महिलाओं ने श्री लंगेह को बताया कि उन्होंने अब तक 992 क्विंटल का उत्पादन किया है तथा 899 क्विंटल खाद लगभग 3 लाख 50 हजार 350 रुपए का विक्रय किया हैं। उन्होंने बताया कि समूह द्वारा गौठान में बाड़ी का भी कार्य किया जा रहा है यहां उन्होंने वर्तमान में रागी की खेती की हैं और वर्तमान में लौकी, भिंडी, करेला आदि की भी खेती करेंगे। इसी प्रकार गौठान में महिला मंडल की महिलाओं द्वारा कड़कनाथ मुर्गी पालन का कार्य किया जा रहा है जिसे देख कलेक्टर ने मुर्गियों को बाजार तक पहुंचाने की आवश्यक व्यवस्था करने गौठान समिति को निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थितिथे।



## साप्ताहिक समय सीमा की समीक्षा बैठक संपन्न

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

एमसीबी /प्रभारी अपर कलेक्टर और एसडीएम खड़गंवा श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित की गई।बैठक में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023, बेरोजगारी भत्ता योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना और रीपा योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। शासन की महत्वाकांक्षी फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति लाने के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश भी दिये गये। श्रीमती तोमर ने सभी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए रीपा केंद्रों और गोठानो में बन रहे सामग्री का उठाव करने के निर्देश दिये ताकि स्व सहायता समूह की महिलाओं को अधिक से अधिक स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हों। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों के सभी हैंडपंप को चालू रखने तथा जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता लाने के निर्देश दिये।समयसीमा की बैठक के पश्चात जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया गया।बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री सीएस पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रवीण भगत, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रीतेश राजपूत, सभी तहसीलदार, जनपद सीईओ तथा अन्य जिलाधिकारी उपस्थित थे।



## जिला पंचायत सदस्य के साथ मारपीट के मामले में तीन पुलिस कर्मियों पर गिरी गाज, जानिए पूरा मामला

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

जशपुर / जिले में सरगुजा ?क्षेत्र के प्रसिद्ध संत और समाज सुधारक गहिरा गुरु के पुत्र एवं जिला पंचायत सदस्य के साथ कथित रूप से मारपीट करने के आरोप में पुलिस अधीक्षक ने अनुविभागीय पुलिस अधिकारी को लाइन हाजिर कर दिया है और दो आरक्षकों को निलंबित कर दिया है।जशपुर जिले के पुलिस अधीक्षक डी. रविशंकर ने बताया कि जिले के बगीचा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुगार्पारा में एक विवाद के दौरान जिला पंचायत सदस्य गेंदबिहारी सिंह के साथ मारपीट करने के आरोप में बगीचा क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) शेर बहादुर सिंह ठाकुर को लाइन हाजिर कर दिया गया है तथा दो आरक्षकों राजकुमार मनहर और संतोष उपाध्याय को? निलंबित कर दिया गया है।रविशंकर ने बताया कि नलकूप खनन से संबंधित शिकायत मिलने के बाद ठाकुर और दो आरक्षक जांच के लिए आज दुगार्पारा गए थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान गेंदबिहारी सिंह भी वहां पहुंच गए। रविशंकर ने बताया कि कुछ देर बाद सिंह और पुलिसकर्मियों के मध्य विवाद हो गया और हाथापाई हो गई।उन्होंने बताया कि गेंदबिहारी सिंह क्षेत्र के प्रसिद्ध संत गहिरा गुरु के सबसे छोटे बेटे और जिला पंचायत सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद गहिरा गुरु के अनुयायी और अन्य लोग बगीचा थाने पहुंच गए और आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद वह बगीचा थाना पहुंचे और आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक ने घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए एक दल का गठन किया है और जांच रिपोर्ट मिलने के बाद इस संबंध में कार्रवाई की जाएगी।इधर जिला पंचायत सदस्य गेंदबिहारी सिंह ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उनके साथ मारपीट की और अपशब्दों का प्रयोग किया। सिंह ने बताया कि जब वह घटनास्थल पहुंचे तब पुलिस अधिकारी और कर्मचारी वहां मौजूद थे। सिंह ने बताया कि जब उन्होंने पुलिस अधिकारियों से शिकायत के संबंध में जानकारी लेनी चाही तब उन्होंने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की है तथा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।वहीं रायगढ़ क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी की सांसद गोमती साय ने आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की है। साय ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई तब बड़ा आंदोलन किया जाएगा।संत गहिरा गुरु प्रसिद्ध संत और समाज सुधारक थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सरगुजा क्षेत्र के वनवासी इलाकों में आदिवासियों के मध्य कार्य किया।



# मुख्तार अंसारी को बेनामी संपत्ति कानून के तहत इनकम टैक्स विभाग ने जारी किया नोटिस

**मरुधर विशेष/शिवकुमार मौर्य**




इनकम टैक्स विभाग की बेनामी यूनिट लखनऊ शाखा ने म?ऊ के पूर्व विधायक बाहुबली मुख्तार अंसारी को बेनामी संपत्ति कानून के तहत नोटिस जारी किया है।बेनामी संपत्ति यूनिट ने यह नोटिस बांदा जेल प्रशासन के जरिए मुख्तार अंसारी को दिया है। 127 करोड़ रुपए की बेनामी संपत्ति के मामले में मुख्तार अंसारी को दिया गया यह पहला नोटिस है। इस नोटिस में गाजीपुर में 12 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी के बारे में जानकारी मांगी गई है।मुख्तार अंसारी को दिए गए नोटिस में इनकम टैक्स विभाग ने कहा है कि गाजीपुर की यह जमीन गणेश दत्त मिश्रा नाम के शख्स ने खरीदी थी। बताया गया था कि यह जमीन एक करोड़ 29 लाख रुपए में खरीदी गई थी,लेकिन इनकम टैक्स विभाग को जांच के दौरान पता चला है कि गणेश दत्त मिश्रा की वार्षिक आमदनी बेहद कम है और वह इतनी रकम अदा नहीं कर सकता। इसके साथ ही गणेश दत्त मिश्रा ने इसे खरीदने के लिए जिस कंपनी से लोन लिया है।उस कंपनी में मुख्तार अंसारी के परिवार के लोग बतौर निदेशक और शेयर होल्डर शामिल हैं। इनकम टैक्स विभाग ने नोटिस में कहा है कि जांच के दौरान यह भी पता चला है कि गणेश दत्त की कंपनी में मोहम्मद सुहेब मुजाहिद भी 1 शेयर होल्डर डायरेक्टर है। इनकम टैक्स विभाग का कहना है कि सभी को फर्जी एंबुलेंस मामले में मुख्तार अंसारी के साथ चार्जशीट किया गया है।यानी वह कंपनी भी किसी ना किसी तौर पर मुख्तार अंसारी से जुड़ी हुई है।इनकम टैक्स विभाग के मुताबिक इन कंपनियों में मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशा अंसारी भी किसी ना किसी तौर पर जुड़ी हुई हैं,जिससे यह पता चलता है कि यह बेनाम प्रॉपर्टी किसी ना किसी रूप में मुख्तार अंसारी की ही है। बता दें कि कि अफशा अंसारी पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित किया हुआ है।फिलहाल अफशा फरार हैं।इनकम टैक्स विभाग ने मुख्तार अंसारी से इस नोटिस के जरिए अनेक सवाल पूछे हैं,जिनमें मुख्य रूप से जिन पैसों से यह प्रॉपर्टी खरीदी गई उन पैसों का स्त्रोत क्या था।इस बाबत जानकारी मांगी गई है। साथ ही गणेश दत्त मिश्रा से भी उनके संबंधों की बाबत जानकारी मांगी गई है। मुख्तार अंसारी को इसी सप्ताह आयकर विभाग के नोटिस का जवाब देना है। इसके बाद आयकर विभाग यदि जवाब से संतुष्ट नहीं होता है तो वह बाकायदा गाजे-बाजे के साथ मुनादी कराकर गाजीपुर की इस प्रॉपर्टी को जब्त करेगा और उसके बाद कोर्ट में मुख्तार अंसारी से पूछताछ के लिए याचिका दायर कर पूछताछ की इजाजत मांगेगा। यानी आने वाले दिन अब मुख्तार अंसारी पर भारी पड़ सकते हैं,क्योंकि कुल 23 प्रॉपर्टी की बाबत आयकर विभाग को पूछताछ करनी है।

# भगवान का मनाया च्यवन कल्याणक, चौदह स्वप्नों के हुए दर्शन -सिरस जैन मंदिर में प्रतिष्ठा का दूसरा दिन

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**



कठूमर के समीपवर्ती भुसावर के सिरस गांव स्थित जैन श्वेताम्बर मंदिर में चल रहे 23 देवकुलिकाएं एवं यक्ष-यक्षिणी की अंजनशलाका एवं प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत बुधवार को भगवान महावीर का च्यवन कल्याणक मनाया गया। जिसमें कठूमर खेड़ली के सैकडो जैन धमार्लंबी शामिल हुये। वही इस मौके पर जैनाचार्य मरूधर रत्न रत्नाकर सूरीश्वर जी की निश्रा में विधिकारकों ने मंदिर में विधान कराए। कुंभ स्थापना के साथ शुरू हुए विधान का काफी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं साक्षी बने। इस दौरान मंदिर प्रांगण णमोकार मंत्र के उच्चारण से गूंजता रहा। जैन अलर्ट ग्रुप ऑफ इण्डिया की सैटेलाइट अहमदाबाद शाखा के कार्यकर्ता घोषवादन करते हुए जैनाचार्य को आराधना भवन से मंदिर तक लाए। जहां पूजा के लाभार्थी परिवार एवं महोत्सव आयोजन समिति संयोजक रिद्धीचंद जैन व मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन एवं अन्य पदाधिकारी आचार्य को लेकर मंदिर में गए। जहां जैनाचार्य एवं विधिकारकों ने विधि विधान से भगवान महावीर का च्यवन कल्याणक मनाया। इस दौरान भगवान के माता-पिता, इन्द्र-इन्द्राणी एवं प्रतिष्ठाचार्य व धमार्चार्य की स्थापना कराई गई। बाद में भगवान महावीर के गर्भ में आने पर उनकी माता त्रिशला को आए चौदह स्वप्नों के दर्शन कराए गए। इस दौरान मंदिर परिसर णमोकार मंत्र एवं महावीर के जयकारों से गूंज उठा। करीब दो घंटे तक चले विधान में दूरदराज से आए श्रावक-श्राविकाएं साक्षी बने रहे। विधान में शरीक होने के लिए श्रावक-श्राविकाओं की स्थिति यह रही कि मंदिर में अंदर बैठने के लिए जगह कम होने के बावजूद तीनों ओर के दरवाजे के बाहर बरामदे में धूप होने पर भी पूरे समय डटे रहे। इस दौरान आसपास के क्षेत्र वैर, भुसावर, खेड़लीगंज, अलवर, बयाना के अलावा जयपुर, भरतपुर, हिण्डौनसिटी, महवा तथा दीगर प्रांत गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश आदि क्षेत्रों से काफी संख्या में जैन श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए।

# जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन में कोटकासिम के पत्रकार संजय बागड़ी हुए सम्मानित

### शिक्षा कला,एवं संस्कृति मंत्री बीडी कल्ला ने शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



मुंडावर।अलवर में आयोजित हुए एक जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान कोटकासिम क्षेत्र के नांगल सालिया गांव निवासी पत्रकार संजय बागड़ी को सम्मानित किया गया जिससे स्थानीय पत्रकारों में विशेष खुशी देखने को मिली। श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा अलवर शहर के मोती डूंगरी स्थित स्वरूप विलास समारोह स्थल में मंगलवार को आयोजित हुए जिला स्तरीय पत्रकार मिलन एवं सम्मान समारोह सहित वार्षिक स्मारिका के विमोचन कार्यक्रम में पत्रकार संजय बागड़ी को पत्रकारिता सहित समाजसेवी कार्यों में उत्कृष्ट योगदान करने पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथी रहे शिक्षा, कला और संस्कृति मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने शॉल ओढ़ाते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अलवर जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी और अलवर एसपी आनंद कुमार भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अंत में श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान पूरे अलवर जिले से पधारे सैकड़ों की संख्या में पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

**पूर्व में राष्ट्र गौरव अवॉर्ड 2022 व हिंद शिरोमणि सम्मान 2023 से भी हो चुके हैं सम्मानित**

विदित हो बागड़ी द्वारा कोरोना काल के दौरान अपनी निजी गाड़ी में माइक लगाकर लोगों को जागरूक करने,रोड पेंटिंग, वॉल पेंटिंग के माध्यम से कोरोना जन जागरूकता के नारे लिखने सहित मास्क बांटने,पक्षियों के लिए परिंडे लगाने, पौधारोपण,दिव्यांग बालकों के साथ गत 17 वर्षो से लगातार कार्य करने जैसे समाजसेवी कार्यों के लिए उनको पूर्व में भी राष्ट्र गौरव अवॉर्ड 2022 व हिंद शिरोमणि सम्मान 2023 से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसके साथ साथ इनको अनेक संस्थाओं सहित सामाजिक राजनेतिक संगठनों द्वारा काफी बार सम्मानित किया जा चुका है।

# खैरथल के परी माता मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, परियों के वरदान से दूर होती है बीमारी : नारायण छंगाणी

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**



खैरथल 26 अप्रैल। खैरथल की पुरानी आबादी क्षेत्र में स्थित परी माता मंदिर में बैसाख महा मे आखा तीज के बाद चांदनी रातों में सर्वश्रेष्ठ माने जाने वाले पहले बुधवार को जात (ढोक) देने आने वाले श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब।सेवादार एवं पार्षद नारायण छंगाणी ने बताया कि आखा तीज के बाद जो पहला और दूसरा बुधवार आता है उस पर परी माता मंदिर पर मेला भरता है जिसमें दूरदराज से सभी समाज के महिलाएं पुरुष अपने बच्चों को लेकर ढोक देने आती है। उन्होंने बताया देश के विभिन्न क्षेत्रों से रात से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा जिससे रात तीन बजे मंदिर के पट खोल दिये गये। पुजारिन रामरखी शर्मा व कौशल्या शर्मा भी तीन बजे ही ढोक दिवाने के लिए पहुंची। रात तीन बजे से शुरू हुई श्रद्धालुओं के ढोक देने का सिलसिला बुधवार को दोपहर तक सैलाब के रूप में रहा इसके बाद भीड़ कम होने लगी परंतु देर शाम तक भी जातरुओं का आना जारी रहा। उन्होंने बताया बुधवार को करीब 80 हजार श्रद्धालु पहुंचे हैं। परी माता के मंदिर में सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने बताया कि परी माता के वरदान से बीमारियां दूर होती है। पुलिस प्रशासन की ओर से भी पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस सहित जवानों की तैनाती से सेवादारों को व्यवस्था बनाए रखने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। उन्होंने बताया कि यहां उपखंड प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गई ।सेवादारों ने अपने स्तर पर ही ठंडे पानी की प्याऊ लगाकर श्रद्धालुओं को पानी पिलाया और व्यवस्थाएं संभाली है। व्यवस्था हम स्वयं ही करते हैं प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई। सिर्फ पुलिस प्रशासन ने अपनी मुस्तैदी दिखाई है। परवेज आलम ने बताया कि धार्मिक जल सेवा मंडल खैरथल की ओर से सेवादार हरीश कुमार, भगत सिंह, लाला अख्तर ,महेंद्र ओमप्रकाश, झमान, डॉ सुरेश वासु आदि ने ठंडे जल की प्याऊ लगाकर श्रद्धालुओं को जल पिलाया। परी माता मंदिर में सेवादार अशोक आचार्य, सोनू मपारा, पुष्कर जोशी, अभीराम, पोपन लोढा, वरुण हेड़ाउ, भरत आचार्य, साहिल, बोबू, कुणाल, राजन, कालू, ललित आचार्य आदि ने व्यवस्थाएं संभालने में सहयोग किया।

## महंगाई राहत शिविर को लेकर एसडीएम ने की प्रेस वार्ता

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**




बानसूर - स्थानीय एसडीएम राहुल सैनी ने उपखंड कार्यालय पर बुधवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि बानसूर ब्लॉक में 7 स्थानों पर स्थाई मुख्यमंत्री महंगाई राहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उपखण्ड कार्यालय, पंचायत समिति कार्यालय, नगरपालिका , तहसील कार्यालय, हरसौरा, हाजीपुर और रामपुर में स्थाई राहत शिविर 30 जून तक लगाएं जाएंगे। उन्होंने बताया कि राहत शिविर के साथ ही प्रशासन गांव के संग अभियान शिविर लगाए जा रहे हैं। जिसमें आमजन 23 विभागों से संबंधित किसी भी विभाग में जाकर अपनी समस्या का निस्तारण करवा सकते हैं। इस दौरान एसडीएम राहुल सैनी ने उपखंड कार्यालय पर महंगाई राहत शिविर में लाभार्थी नत्थूराम निवासी घासीपुरा बानसूर को 8 योजनाओं में रजिस्ट्रेशन करवाने पर मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड दिए । साथ ही लाभार्थी नत्थूराम ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से चल रहे राहत शिविर में मुझे 8 योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। सरकार की 8 योजनाओं से लाभान्वित होने पर लाभार्थी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया है। मुख्यमंत्री राहत शिविर का बुधवार को तीसरे दिन क्षेत्र की ग्राम पंचायत कल्याणपुरा में आयोजन किया गया। जिसमें आमजन को राजस्थान सरकार की मुख्य 10 योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए कई जगह नेटवर्क समस्या मुसीबत बन रही है ।शिविर स्थल पर नेटवर्क समस्या होने से नेटवर्क क्षेत्रों में 7 जगह स्थाई शिविर लगाकर लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान एसडीएम राहुल सैनी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ लेवे। इस दौरान एसडीएम राहुल सैनी, नगर पालिका ईओ सुमेर सिंह मीणा, बीडियो रामजीलाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कर्नाटक की बंटवाल विधानसभा में आबिद कागजी पर्यवेक्षक नियुक्त

**मरुधर हिन्द/एमडी शौकीन खाँन**



पहाडी।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने आज एक पर्यवेक्षकों की लिस्ट जारी कर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन आबिद कागजी को आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कर्नाटक की बंटवाल विधानसभा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से पर्यवेक्षक लगाया है। कागजी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने निर्देशित किया है कि जल्द ही राजस्थान की टीम इस विधानसभा में जाकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करेगी और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाने में भरसक प्रयास करेगी आबिद कागजी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पर्यवेक्षक लगाये जाने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहूल गांधी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव वेणुगोपाल और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और यूडीएच मंत्री शांति कुमार धारीवाल का आभार व्यक्त किया है।

## पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने थाना रामानुजनगर में पदस्थ प्रधान आरक्षक को किया निलंबित

**मरुधर विशेष , करन सोनी**




सुरजपुर/बीते दिन समाचार पत्र में प्रकाशित ह्यह्यपुलिस चोरी का केस मान समझौता कराने करती रही सौदेबाजीह्यह्य संबंधी न्यूज प्रकाशित हुआ था।उपरोक्त विषय पर संज्ञान लेने पर मामला गंभीर प्रकृति का होने, प्रधान आरक्षक के द्वारा कर्तव्य के प्रति घोर अनुशासनहीनता व पुलिस की छवि धूमिल करने पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने इसे गंभीरता से लेते हुए थाना रामानुजनगर में पदस्थ प्रधान आरक्षक हेमंत शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र सूरजपुर सम्बद्ध किया हैऔर मामले में प्रारंभिक जांच के आदेश दिए है। रामानुजनगर थाना में पदस्थ नगर सैनिक को नगर सेना कार्यालय भेजने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस की छवि धूमिल करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## भव्य रूप से मनेगी महाराणा प्रताप की जयंती अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक सम्पन्न

**मरुधर विशेष, करन सोनी**



एमसीबी/ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की वैठक विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित हुई। बैठक में जिलेभर से समाज के लोग उपस्थित हुए। बैठक में सामाजिक एकरूपता, सामाजिक अस्तित्व, सामाजिक विकास और 22 मई को महापुरुष महाराणा प्रताप की जयंती समारोह का भव्य आयोजन के साथ ही महाराणा प्रताप चौक स्थापना, सामाजिक भवन, अखिल भारतीय क्षत्रीय समाज का जिला कार्यकारिणी गठित करने आदि अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित लोगो द्वारा उक्त बैठक और गतिविधियों के आयोजन पर पूर्ण सहमति प्रदान की गई। बैठक में उपस्थित सभी लोगो द्वारा सामाजिक सामंजस्य और सभी क्षत्रियों को सूचीबद्ध किये जाने, समाजिक गतिविधियों में शामिल होकर कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर भी विचार किया गया।बैठक में क्षत्रिय समाज की श्रीमती इंद्रा सेंगर, बेनी बहादुर सिंह गहरवार, जे के सिंह, जे एस सिंह, मिथलेश्वर सिंह, डाक्टर बघेल, दुर्ग विजय सिंह, महेंद्र सिंह गहरवार, महेन्द्र पाल सिंह, संजय सिंह सेंगर, अशोक सिंह, आशीष सिंह, सूरजभान सिंह गहरवार, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, संजीव सिंह, शिवशेखर सिंह, डाक्टर सौरभ सिंह, त्रिभुवन नारायण सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामेंद्र प्रताप सिंह, राहुल सिंह, श्रीमती प्रवीण सिंह, राकेश सिंह, संजीत कुमार सिंह, रविकांत सिंह, राजा सिंह सेंगर, बल्लू सिंह समेत समाज के लोग उपस्थित रहे।

## नवनिर्मित फुल में दिखने लगे अभी से दरार भविष्य अंधकार

**मरुधर विशेष, करन सोनी**



जशपुर/कुसमी से जशपुर सीमा तक छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से ठिकेदारी प्रथा के अनुसार लगभग 44 करोड़ 87 लाख रुपए की राशि से सड़क, पुलिया, एवं नाली का निर्माण अंबिकापुर के ठिकेदार मेसर्स जवाहर गुप्ता कंस्ट्रक्शंस ठिकेदार के द्वारा कई अन्य पेटी कॉन्ट्रेक्टर के माध्यम से पुलिया निर्माण किया जा रहा है, जशपुर रोड से लेकर नीलकंठपुर तक 2.4 पुलिया बनाया जा रहा है। पुलिया में पेटी कॉन्ट्रेक्टर द्वारा कराए जा रहे कार्य के बारे में बनाए गए सामग्री मसाला का रे सी यो पूछने पर लेबर मिस्त्री द्वारा बताया गया की हम लोगों को कुछ भी पता नहीं है ठिकेदार द्वारा अपने आजक्स मशीन में मसाला बनाकर भेजा जाता है उसको हमलोग पुलिया में ढलाई कार्य में डालते है कितना सीमेंट कितना गिट्टी कितना बालू से मसाला बन कर आता है हम लोगों को कुछ पता नहीं है। जबकि साइड पर हो रहे निर्माण कार्य को देखने से ऐसा लगता है की ठिकेदार द्वारा विभाग के अधिकारियों की सहमति से मनमानी ढंग से पुलिया ढाल दिया जा रहा है।

Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256